दिनांक : 01/04/2026 समय :7.10एम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद भारत में स्थिति नियंत्रण में।
- देश में आज से शुरू होगा जनगणना का पहला चरण।
- नये वित्तीय वर्ष में आज से कई नियमों में होगा बदलाव।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में स्कूल चलें हम अभियान के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ।

प्रधानमंत्री-गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद भारत में स्थिति नियंत्रण में है। श्री मोदी कल गुजरात के वाव-थराद जिले के नानी में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष का प्रभाव देश के नागरिकों पर पड़ने नहीं दिया है।

बाइट-प्रधानमंत्री

श्री मोदी ने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाएं सम्पर्क में सुधार लाएगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहयोग करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तरी गुजरात के डीसा में खोला गया वायुसेना अड्डा पश्चिमी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इन परियोजनाओं में केंद्र सरकार के ऊर्जा, सड़क, परिवहन और राजमार्ग तथा रेल मंत्रालय के 10 हजार 921 करोड़ रुपये के विकास कार्य और राज्य सरकार के शहरी विकास, जल संसाधन, जल आपूर्ति, सड़क और आवास, जीआईडीसी, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण, पर्यटन और जनजातीय विकास विभागों के आठ हजार 886 करोड़ रुपये के विकास कार्य शामिल हैं।

जनगणना 2027

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना-2027 का पहला चरण आज से शुरू होगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। पहली बार, जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी, जिसमें स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। मकान सूचीकरण और आवास जनगणना 16 अप्रैल से शुरू होकर 15 मई तक जारी रहेगी।

इस दौरान मकान सूचीकरण में सभी भवनों और संरचनाओं की सूची तैयार की जाएगी तथा आवासीय स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। भवनों की जियो-टैगिंग भी की जाएगी और प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी।

देशभर में इस कार्य के लिए तीस लाख से अधिक गणनाकर्मी, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं। साथ ही, नागरिक सोलह भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे।

नए नियम लागू

नए वित्तीय वर्ष के आज से शुरु होने के साथ ही प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार लागू हो जाएंगे। पेश है एक रिपोर्ट-

समीक्षा बैठक- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में कल मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मध्यम एवं निर्धन वर्ग के लिए सुलभ आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निर्णय लिए गए। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता न केवल आवास उपलब्ध कराना है, बल्कि आधुनिकता और पर्यावरण संरक्षण के सामंजस्य के साथ नागरिकों के जीवन स्तर को उन्नत करना भी है। उन्होंने विशेष रूप से श्रमिक वर्ग के हितों को रेखांकित करते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों के समीप 5 हजार एलआईजी और ईडब्ल्यूएस आवासों का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि इन आवासों को तीन से चार मंजिला स्वरूप में बनाया जाए।

कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम-उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो किसानों के कल्याण और कृषि विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री देवड़ा कल नीमच जिले के जावद में आयोजित चार दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे वर्ष कृषि और किसानों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों और नई पद्धतियों से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

अग्निपथ योजना- प्रदेश

सेना भर्ती कार्यालय भोपाल ने मध्यप्रदेश के पंद्रह जिलों के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है। अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तारीखों को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। इस भर्ती में अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा जिलों के युवा आवेदन कर सकते हैं।

एलपीजी, पेट्रोल, डीजल- प्रदेश

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोलियम पदार्थों की सतत आपूर्ति जारी है। प्रदेश के बॉटलिंग प्लांट्स में घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक रखा गया है। घरेलू गैस उपभोक्ताओ द्वारा की गई बुकिंग के विरूद्ध एलपीजी सिलेण्डर का प्रदाय निरंतर रूप से किया जा रहा है। साथ ही कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को शासन द्वारा तय किये गये प्राथमिकता क्रम अनुसार आवंटन प्रतिशत के आधार पर कॉमर्शियल गैस सिलेण्डरों की सप्लाई सतत रूप से की जा रही है।

प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कमी की कोई स्थिति नहीं है।

स्कूल चलें हम-अभियान-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज "स्कूल चलें हम" अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव का शुभारंभ मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी.टी. नगर, भोपाल में करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल का वितरण भी किया जाएगा।

प्रदेश के सभी जिलों में भी आज "स्कूल चलें हम" अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। वहीं विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएंगी। श्योपुर, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, खंडवा, आगरमालवा, शाजापुर, जबलपुर में भी स्कूल चलें हम अभियान के तहत कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा।

एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में कल वाराणसी में आयोजित 'एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026' में दोनों राज्यों के बीच कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के मध्य औद्योगिक सहयोग, पर्यटन विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए बड़े निर्णय लिए गए हैं।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में नवोदित खिलाड़ी कूपर कॉनॉली की नाबाद 72 रन की पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हरा दिया।

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच लखनऊ में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- खंडवा नगर पालिक निगम की आज साधारण सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा में नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले के ग्राम देहरिया, गुराडिया में आपदा प्रबंधन संबंधी जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मैहर में जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 21 विभागों की 106 योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।
- इधर, छिंदवाड़ा जिले के हनुमान लोक जामसांवली धाम में हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर 15,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सामूहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया।
- डिंडौरी जिले के चंद्रविजय कॉलेज की छात्रा चांदनी नरेती ने छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत 62 किलोग्राम वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है।

-------------